# यूपीईएस का कल्चरल फेस्ट ऊर्जा 2023 धूमधाम से संपन्न

## • छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति से बांधा समां

भास्कर समाचार सेवा



मिस्टर एवं मिस चुने गए गौतम मनचंदानी व वृशाली वैष्णव।


कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्रा।

देहरादून। देहरादून स्थित मल्टीडिसिप्लीनरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने हाल में तीन दिवसीय कल्चरल फेस्ट ऊर्जा 2023 आयोजित किया, जिसने परिसर को आर्ट, क्रिएटिविटी और एंटरटेनमेंट का हब बना दिया। डांस, म्यूजिक, थिएटर और विंटेज थीम पर आधारित गतिविधियों के बेहतरीन संयोजन वाले इस सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में देशभर से आए छात्रों के टैलेंट और उनकी क्रिएटिविटी का जश्न मनाया गया।

छात्रों ने इस फेस्ट की विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विविध स्टाइल्स व सांस्कृतिक प्रभावों का मनमोहक प्रदर्शन देखा। इस इवेंट का शुभारंभ संगीत कौशल के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को जादुई म्यूजिकल अनुभव दिया। इसके तहत रेट्रो थीम सोलो कैटेगरी से लेकर रोमांचक बैटल ऑफ बैंड्स तक विभिन्न प्रकार के म्यूजिकल कॉम्पिटीशंस आयोजित किए गए, जहां भविष्य की प्रतिभाओं ने रैप, रॉक, बीटबॉक्सिंग और सदियों पुरानी आर्ट फॉर्म बस्किंग में अपना कौशल दिखाया। इस कल्चरल फेस्ट का मुख्य आकर्षण था मशहूर गायक व गीतकार दर्शन रावल का परफॉर्मेंस।

फेस्टिवल की उत्साहजनक भावना को बनाए रखते हुए ऊर्जा में दर्शकों को मनमोहक माइम ऐक्ट्स और दिल को छू लेने वाले डांस का आनंद लिया, जिसमें सोलो डांस प्रतियोगिता, स्ट्रीट-स्टाइल डांस शोडाउंस और ग्रुप डांस बैटल्स शामिल थे। कल्चरल फेस्ट के दौरान प्रदर्शित 1950 और 1960 के दशकों में सेट नुक्कड़ नाटक और रेट्रो-थीम पर आधारित थिएटर स्टेज नाटक दर्शकों को बीते समय में लेकर गया और उन्हें कहानी सुनाने की शानदार कला के जादू से सम्मोहित कर दिया। इसके अलावा, फेस्ट में मिस्टर व मिस ऊर्जा प्रतियोगिता भी हुई जिसमें प्रतिभागियों ने ना सिर्फ अपनी बाहरी खूबसूरती, बल्कि अपने व्यक्तित्व से भी लोगों को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता का समापन विजेताओं को टाइटल्स प्रदान करने के साथ हुआ। गौतम मनचंदानी और वृशाली वैष्णव क्रमशः मिस्टर व मिस ऊर्जा चुने गए।

इवेंट का लक्ष्य एडवर्टाइजिंग ऐंड कॉन्टेंट क्रिएशन पर एक गेस्ट लेक्चर आयोजित कर उभरते हुए कॉन्टेंट क्रिएटरों को इस बारे में अधिक जानकारी देना भी था। इस दौरान, एड मैड-एड कीडा एडवर्टाइजिंग में एक यादगार ट्विस्ट लेकर आया, जिसमें प्रतिभागियों को विंटेज प्रेरित कमर्शियल्स क्रिएट करने की चुनौती दी गई थी।

इसके अलावा, ऊर्जा में बॉलीवुड के चाहने वालों का भी ध्यान रखा गया और शोले, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा व ये जवानी है दीवानी जैसी क्लासिक फिल्मों की ग्रैंड स्क्रीनिंग की गई।

भारतीय सिनेमा के सम्मान में बॉलीवुड कॉसप्ले इवेंट आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को उनके पसंदीदा बॉलीवुड किरदार की तरह ड्रेस करने के लिए आमंत्रित किया गया।